**हिन्दुस्तान उर्वरक निगम लि० की बरौनी इकाई**

61. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि हिन्दुस्तान उर्वरक निगम लि० की बरौनी इकाई पतन के कगार पर है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और सरकार ने इस संबंध में क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) किसानों को पर्याप्त मात्रा में सुगमतापूर्वक यूरिया उपलब्ध कराने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर० सी० रथ) :** (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) एच० एफ० सी० अन्य एककों में भी यूरिया का उत्पादन करता है और उसका विपणन का बड़ा तंत्र है जो अपने विभिन्न एककों मे उत्पादित उर्वरकों को किसानों को उपलब्ध कराता है।

**पालेकर अवार्ड का लागू किया जाना**

62. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री 19 मार्च, 1984 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 2142 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन समाचार-पत्रों ने पालेकर अवार्ड अभी तक लागू नही किया है ;

(ख) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की जा रही है , और

(ग) इन समाचार-पत्रों द्वारा पालेकर अवार्ड कब तक लागू किए जाने की संभावना है ?

**श्रम और पुनर्वास मंत्री (श्री वीरेन्द्र पाटिल) :** (क) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से उपलब्ध सूचना के आधार पर एक विवरण संलग्न है, जिसमें ऐसे समाचार-पत्रों के नाम दर्शाए गए हैं जिन्होंने अभी तक पालेकर पंचाट के संबंध में सरकार की सिफारिशों को कार्यान्वित नही किया है।

(ख) और (ग) अधिकरणों की सिफारिशों के संबंध में सरकारी आदेशों के कार्यान्वयन की पुनरीक्षा इस प्रयोजनार्थ स्थापित त्रिपक्षीय समिति में समय-समय पर की जा रही है। राज्य सरकारों को भी ऐसा ही करने की सलाह दी गई है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकारों को सलाह दी गई है कि वे इन आदेशों का शीघ्र कार्यान्वयन सुनिश्चित करें।